हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 20 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 आईएसबीटी फेस-1 की फर्म को ब्लैक लिस्ट करने ...



07 जमीनी व राजस्व विवादों को निपटाने राजस्व व...



बगलामुखी मंदिर के समीप हादसा, मृतकों में 7 लोग ओडिशा के रहने वाले, ड्राइवर बड़ौद का निवासी था

बरसाती नाले के तेज बहाव में श्रद्धालुओं से भरी कार बही, 3 बच्चों सहित 8 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा में पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर के पास देर रात बड़ा ही हृदय विदारक हादसा हो गया। तेज बारिश के बाद मंदिर के समीप स्थित बरसाती नाले का पानी अचानक बढ़ा और श्रद्धालुओं से भरी कार तेज बहाव में बह गई। हादसे में कार सवार 8 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों में 7 लोग ओडिशा के रहने वाले हैं, जबकि कार ड्राइवर आगर-मालवा के बड़ौद का निवासी था। हादसे की जानकारी लगने के बाद लोगों ने अंबेडकर चौराहे पर चक्काजाम कर दुकानें बंद करा दीं।

बताया जा रहा है कि ड्राइवर को छोड़कर सभी सात श्रद्धालु मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले थे, जो उज्जैन दर्शन के लिए आए थे और वहां से कार किराए पर लेकर मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन के लिए नलखेड़ा आए थे। देर रात तेज बारिश के बीच मंदिर के पास बरसाती नाले में पानी का बहाव अचानक बढ़ गया और कार उसकी चपेट में आ गई। नलखेड़ा में पिछले 24 घंटे में करीब 3.7 इंच बारिश दर्ज की गई। रात में तेज बारिश के बाद नाले का पानी बढ़ा और कार पुलिया से बहकर करीब 100 मीटर दूर चली गई। हादसे का पता शनिवार को सुबह चला जब लोगों ने नाले में पलटी हुई कार देखी। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला गया। कार से सभी 8 शव बरामद कर सिविल हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए हैं। पुलिस ने बताया जब शव निकाले गए तो सभी के गले में माता के आशीर्वाद वाली लाल चुन्नी लिपटी हुई थी, वो रात में हवन-पूजन करके लौट रहे थे।

पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में हादसे की वजह तेज बारिश और नाले में बढ़ा पानी सामने आ रही है। मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। मृतकों में कार ड्राइवर अरुण गोयल, राधा रानी बहेरा, ज्ञानेंद्र कुमार बहेरा, रितारानी पत्नी ज्ञानेंद्र बहेरा, कृष्णा राजवीर और शिवप्रसाद बहेरा, वी साई स्वस्तिक, शहीरा स्वयं प्रभा की पहचान हो चुकी है। बगलामुखी मंदिर पर हुए हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अंबेडकर चौराहे पर चक्काजाम कर दिया और विरोध में दुकानें भी बंद रहीं। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कलेक्टर शेर सिंह मीणा, एसपी दिलीप कुमार सोनी और एएसपी रवींद्र कुमार बोयट तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय समेत प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद थे।



सीएम ने संवेदनाएं व्यक्त कर चार-चार लाख की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा की



बगलामुखी मंदिर पर हुए इस हादसे की जानकारी लगने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने संदेश में कहा कि आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में हुए सड़क हादसे में जन हानि का समाचार अत्यंत दुखद है। ओडिशा से मध्य प्रदेश में धार्मिक यात्रा पर आए जिन यात्रियों का निधन हुआ है, उनके परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं है। राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं हर संभव सहयोग प्रदान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगतों को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

रात में धार्मिक अनुष्ठान और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हादसे के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि रात के समय मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए विशेष हवन अथवा धार्मिक अनुष्ठान चल रहे थे, तो भारी बारिश और नदी-नालों में तेज बहाव की स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था किसकी जिम्मेदारी थी ?

गुर्जर समाज ने आयोजन किया रद्द

स्थानीय गुर्जर समाज द्वारा 20 सितंबर को निकलने वाली भगवान देवनारायण की शोभायात्रा को निरस्त कर दिया गया है। मां बगलामुखी के समीप हुए हादसे में आठ लोगों की निधन के समाचार प्राप्त होने के बाद समिति द्वारा यहां निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष शोभायात्रा नहीं निकाली जाएगी।

इनका कहना है...

नलखेड़ा में माता मंदिर समीप हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हुई जिसमें तीन बच्चे तथा 5 बड़े शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की मदद से कार में से सभी शवों को बाहर निकाला गया। घटना रात्रि 3 बजे के आसपास की है जब मंदिर की तरफ से आ रही कार नाले में गिरी, कैसे गिरी इसकी जांच की जा रही है। कार की लोकेशन नाले से 100 मीटर दूर की है। पुलिया के दोनों ओर आयरन की रेलिंग लगी हुई है।

डॉ शेर सिंह मीना,
जिला कलेक्टर आगर मालवा

मामले की जांच की जा रही

शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली की माता मंदिर के सामने जो नाला बह रहा है। उसमें एक गाड़ी डूबी हुई दिखाई दे रही है। तुरंत पुलिस वहां पहुंची तथा 8 डेड बॉडी को कार में से निकाला गया। इसमें तीन बच्चे दो महिला तथा तीन पुरुष कुल आठ व्यक्ति हैं। उज्जैन पासिंग गाड़ी है, एक व्यक्ति के पास पहचान पत्र मिला उससे पता लगा कि उड़ीसा के रहने वाले हैं। परिजनों को सूचना दी गई। पूरी घटना के मामले की जांच चल रही है। दुर्घटना का कारण नाले में बहाव तेज होने तथा ड्राइवर द्वारा और ओवर फ्लो नाले में कार उतारने से देर रात्रि में करीब डेढ़ से 3 बजे के दरमियान यह घटना होना प्रतीत हो रहा है।

दिलीप कुमार सोनी, जिला पुलिस अधीक्षक आगर मालवा

ग्रामीण ने सौंपा शिकायती आवेदन

कपिलधारा कुएं में फर्जी मस्टर से भुगतान का आरोप, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़-ताल

जनपद पंचायत आलोट की ग्राम पंचायत तालोद में कपिलधारा योजना के तहत स्वीकृत कुएं के भुगतान को लेकर कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्राम तालोद निवासी तुफान सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत के सरपंच के खिलाफ जनपद पंचायत आलोट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत देकर मामले की जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत तालोद का मामला

शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी माता प्रेमबाई पति शंकरसिंह के नाम वर्ष 2025 में कपिलधारा योजना के अंतर्गत कुआं स्वीकृत हुआ था। शिकायत में बताया गया है कि कृषि भूमि पर कुआं निर्माण के दौरान श्रमिकों को करीब 71 हजार रुपये का भुगतान हुआ, जबकि शेष राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ऑनलाइन भुगतान संबंधी जानकारी देखने पर कुछ ऐसे लोगों के नाम मस्टर में दर्ज पाए गए, जिन्होंने कुआं निर्माण में कार्य नहीं किया। शिकायत में हाकमसिंह सिसोदिया, भेरुसिंह सौंधिया, अनिल महाजन, जानकीदास, राजेश पोरवाल एवं बाबूलाल के नामों का उल्लेख करते हुए इनके नाम से कथित रूप से भुगतान किए जाने की जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने जनपद सीईओ से मस्टर रोल, श्रमिकों की उपस्थिति, भुगतान अभिलेख एवं मौके पर हुए निर्माण कार्य की जांच कर वास्तविकता सामने लाने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व में भी लग चुके हैं आरोप

ग्राम पंचायत तालोद में पूर्व में भी विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप लगने की बात सामने आई है। ग्राम निवासी एवं युवा नेता शिवम बामनिया द्वारा पूर्व में सीसी रोड निर्माण को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत में मौके पर कार्य नहीं होने के बावजूद राशि निकाले जाने तथा कथित फर्जी भुगतान बिलों का उल्लेख किया गया था। शिकायत के बाद जांच-पड़ताल में ग्राम पंचायत सचिव के निलंबन की कार्रवाई होने की बात भी सामने आई थी। हालांकि, सरपंच के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने को लेकर शिकायतकर्ता पक्ष ने सवाल उठाए थे। अब कपिलधारा कुएं से जुड़े ताजा आरोपों के बाद ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है।

इनका कहना है

मुझे शिकायत प्राप्त हुई है। जांच दल बनाकर वास्तविक जानकारी निकलवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी। हितग्राही को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

बलवंत सिंह नलवया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आलोट

हितग्राही की कुछ राशि अभी रुकी हुई है, जिसे शीघ्र ही उसके खाते में जमा कराया जाएगा। हितग्राही को करीब एक लाख रुपये तक का भुगतान हो चुका है तथा शेष भुगतान किया जाना बाकी है।

सत्यनारायण व्यास, ग्राम पंचायत तालोद, सचिव



ग्राम शेरपुर खुर्द में हायर सेकंडरी स्कूल भवन व बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल

समीपस्थ ग्राम शेरपुर खुर्द में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के नवीन भवन एवं बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमि पूजन विद्यालय प्रांगण में स्टाफ, पालकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विद्यालय भवन निर्माण के लिए 33 लाख 60 हजार रुपये, बाउंड्रीवाल के लिए 8 लाख रुपये तथा गेट निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच रामसिंह यादव, विद्यालय स्टाफ, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य मसरत जहां खान ने आभार व्यक्त किया।

मेरा संकल्प विकसित भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों ने लिया विकसित भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा /मंदसौर

शासकीय सांदीपनि विद्यालय भानपुरा में शनिवार को मेरा संकल्प विकसित भारत अभियान अंतर्गत विभिन्न आयोजन किए गए। प्रमुख अतिथि के रूप में समाजसेवी अनिल नाहर, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया, समाजसेवी दिनेश मांदलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथि जन का स्वागत प्राचार्य सुनील कुमार तिवारी द्वारा किया गया।

प्रातः एनसीसी स्काउट रेडक्रॉस कैडेट्स ईको क्लब द्वारा स्वच्छता अभियान तहत पूरे विधालय में साफ सफाई की गई एन सी सी कैडेट्स व माध्यमिक, हाई स्कूल छात्र छात्राओं द्वारा विकसित भारत को प्रदर्शित करते हुए सुंदर पेंटिंग बनाई गई मेरे सपनों का भारत कैसा होगा इस विषय पर अनेक छात्र छात्राओं ने सटीक भाषण प्रस्तुत किए वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी अनिल नाहर, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर 2047 तक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए भारत देश को पूर्ण तय विकसित साधन संपन्न राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देना होगा संचालन एन सी सी स्काउट अधिकारी भीमसेन वधवा द्वारा किया गया आभार प्राचार्य सुनील कुमार तिवारी द्वारा व्यक्त किया गया पूजन अर्चन में सुनीता समेरिया, रेणु जोशी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।



दशपुर इनरव्हील क्लब ने किया प्रेरणादायी महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

भारतीय संस्कृति की पहचान और नारी शक्ति के गौरव को समर्पित एक अनूठी पहल के तहत इनर व्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर के तत्वावधान में 'साड़ी से स्वाभिमान - नारी सबसे भारी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन असाधारण महिलाओं का बहुमान करना था, जो घर-गृहस्थी और परिवार की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी मिसाल पेश कर रही हैं।

क्लब की अध्यक्षा सोनम मेहता ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत उन विशेष शिक्षिकाओं और कर्मठ महिलाओं को सम्मानित किया गया, जो अपने खुद के बच्चों के साथ-साथ समाज के अन्य बच्चों के भविष्य को भी संवारने में अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। ये महिलाएं अनाथ, दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने, निःशुल्क शिक्षा देने, कंप्यूटर और कला कौशल का ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं को उच्च शिक्षा के मार्ग पर अग्रसर कर रही हैं। क्लब ने संकल्प लिया कि गृह कार्य के साथ-साथ दूसरों के जीवन को संवारने वाली ऐसी नारियों का सम्मान निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान समाज और शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए शशि मारू, विनीता संघवी, अंशु श्रीमाल, साक्षी जैन, निवेदिता नाहर और अनीता गांधी सहित अन्य कई गणमान्य शिक्षिकाओं को क्लब का प्रशंसा पत्र और एक-एक साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने संदेश दिया कि साड़ी हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति और गौरवशाली पोशाक है, जिस पर हमें पूरा स्वाभिमान होना चाहिए। अपनी संस्कृति को जीवित रखते हुए हमें इसे आगे बढ़ाना चाहिए।



विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से एवं अपनी कल्पना शक्ति को कोरे कागज पर उकेरा

भाषण प्रतियोगिता में सबा खान ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपने संकल्पित विचारों से भविष्य का भारत कैसा होगा अपने भाषण के माध्यम से सुंदर अभिव्यक्ति की साथ ही विकसित भारत की सुंदर परिकल्पना के विचार रखे। साथ ही कई विद्यार्थियों ने मेरे भारत की अद्भुत चित्रकारिता के द्वारा शिक्षित भारत 2047 रंगों के माध्यम से एवं अपनी कल्पना शक्ति को कोरे कागज पर सुंदर तरीके से उकेरा उत्कृष्ट परिवार सभी के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया अपने युवा साथियों भाजपा के पीयूष जैन उत्तर मंडल कोषाध्यक्ष, महेंद्रसिंह परिहार जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, सुयश राठौर युवा मोर्चा उत्तर मंडल अध्यक्ष, आकाश निगम उत्तर मंडल मंत्री, गणेश नायक ओबीसी मोर्चा उत्तर मंडल अध्यक्ष के साथ उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प पखवाड़े की अध्यक्षता उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य के .सी. सोलंकी ने करते हुए कहा कि 2047 के भारत का भविष्य आप ही हो इसलिए शिक्षा स्वास्थ्य ,एवं रोजगार के संसाधन का सदुपयोग करें। इस कार्यक्रम का संचालन आशीष बंसल तथा ज्योति गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम का आभार खुशबू शर्मा ने माना। मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सबा खान कक्षा 11वीं, द्वितीय स्थान नैतिक काठा 12वीं, तृतीय स्थान गीत अखंड 11वीं एवं अर्पिता बारेट कक्षा 12वीं ने प्राप्त किया तथा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीनी कक्षा -11वीं , द्वितीय स्थान चंद्रपाल सिंह कक्षा 11वीं, तृतीय स्थान देवकन्या कक्षा -12वीं एवं आशीष पाटीदार 10वीं ने प्राप्त किया।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर रखे विचार

स्कूलों में भाषण व चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर के शासकीय कन्या उमावि कानड़ एवं नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में शासकीय कन्या उमावि कानड़ में भी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई।

जया व खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी, जिला मंत्री कविता शर्मा, मंडल अध्यक्ष अंतर सिंह दौलतपुर, मंडल महामंत्री बने सिंह चौहान, समस्त पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं एल्डरमैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतमय सरस्वती वंदना से हुआ। भाषण प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में जया बिलावदिया एवं जूनियर वर्ग में खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निष्का सूर्यवंशी ने द्वितीय तथा अलविशा बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कशिश गौड़ प्रथम, पलक सेन द्वितीय एवं सागर तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने अतिथियों के माध्यम से विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।





नेताजी सुभाष स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

नेताजी सुभाष स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राम मंदिर, ऑपरेशन सिंदूर, स्वच्छ भारत, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एवं 2047 का भारत सहित विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। चित्रकला में कविता चौहान, फरहीन बी, आयुषी चंद्रवंशी एवं श्रेष्ठ बैरागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में रानू फूलेरिया, कविता चौहान एवं रुखमणी मालवीय प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश सूर्यवंशी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दयाराम खजुरिया एवं प्राचार्य कृष्ण चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने घोषणा की कि विद्यालय के विद्यार्थियों का संकुल स्तर पर चयन होने पर उनकी ओर से 551 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।



खबर संक्षेप

नीलाधर जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



सोनकच्छ। भगवान श्री देवनारायण के घोड़े नीलाधर के जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जनपद पंचायत के सामने जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भगवान श्री देवनारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह पंवार, जिला अजा कांग्रेस अध्यक्ष विजय परमार, सुरेंद्र सिंह गौतम, जनपद सदस्य दीपेंद्र पटेल, कमल सिंह गुनावदिया, दिलीप गुर्जर, राधेश्याम चौधरी, शैलू टोंगिया, आरिफ खान गब्बर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

महावीर धाम में हुए कार्यक्रम

देवास। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप देवास द्वारा दशलक्षण पर्व के अवसर पर श्री महावीर धाम दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मासरत आर्यिका श्री 105 समिति श्री माताजी ससंघ के आशीर्वाद से शनिवार को जैन म्यूजिकल तम्बोला का आयोजन किया गया। पुष्प देवास महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर से संगीतकार खुशी जैन एवं उनकी टीम ने भक्तिमय एवं मनोरंजन से भरपूर प्रस्तुति दी।

आबकारी एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण एवं क्रय-विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि वृत्त आष्टा के सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में जावर जोड़ स्थित रिहायशी मकान से विभिन्न ब्रांडों की 135 लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। कार्रवाई के दौरान आरोपी धनराज प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया गया था।

निर्माण कार्यों में देरी पर निगम आयुक्त सख्त, फर्मों पर कार्रवाई के निर्देश

आईएसबीटी फेस-1 की फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी, फेस-2 को नोटिस जारी करने के निर्देश

शहर में विकास एवं पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने दिखाई सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत शहर में चल रहे विभिन्न सड़क एवं विकास कार्यों तथा पुनर्घनत्वीकरण योजना के निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने सख्त नाराजगी जताई है। आयुक्त ने शुक्रवार को बीमा रोड से कर्मदीप चौराहा तक सड़क निर्माण, गजरा गियर्स चौराहा से बीएनपी गेट तक रोड चौड़ीकरण सहित भोपाल-इंदौर बायपास पर निर्माणाधीन बस स्टैंड के कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बीमा रोड से कर्मदीप चौराहा तक बन रही सीसी सड़क के कार्य की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों एवं फर्म के ठेकेदार से निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण के साथ पानी की लाइन और गेल गैस लाइन को व्यवस्थित रूप से शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

रोड चौड़ीकरण और पाथवे के ली जानकारी

इसके बाद आयुक्त ने गजरा गियर्स चौराहा से बीएनपी गेट तक चल रहे रोड चौड़ीकरण, पाथवे, सीवरेज लाइन, चेंबर लाइन और प्रकाश व्यवस्था के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण में बाधक बिजली के खंभों एवं डीपी को हटाने तथा पाथवे के दायरे में आ रहे जीवित पेड़-पौधों को नियमानुसार अन्य स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने एमआर-13 का भी निरीक्षण कर वहां आ रही समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

फेस-1 की फर्म पर कार्रवाई के निर्देश

पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत निर्माणाधीन बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान फेस-1 में कार्य कर रही फर्म एपेक्स इंफ्रा प्रा.लि. के कार्य में अत्यधिक देरी पाए जाने पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने कार्य में विलंब को लेकर फर्म को सूचना पत्र जारी करने, जमा प्रतिभूति राशि राजसात करने तथा फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती एवं सहायक यंत्री जगदीश वर्मा को दिए।

फेस-2 में प्रगति नहीं, नोटिस के निर्देश

फेस-2 के अंतर्गत चल रहे आईएसबीटी निर्माण कार्यों में भी अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने निर्माण फर्म संमदड़िया बिल्डर्स प्रा.लि. को सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने मौके पर मौजूद फर्म के पदाधिकारियों को शीघ्र कार्य गति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही सहायक यंत्री दिनेश चौहान को प्रतिदिन की कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कार्य में तेजी के निर्देश

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत भगवती द्वार सराय में चल रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। यहां कार्य में प्रगति नहीं मिलने पर संबंधित ठेकेदार को सूचना पत्र जारी करने तथा तत्काल कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्म के पदाधिकारी एवं संबंधित इंजीनियर को कार्य की नियमित निगरानी कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। आयुक्त ने पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत चल रहे सभी निर्माण कार्यों की प्रतिदिन की प्रगति, कार्य की गति तथा मौके पर कार्यरत मजदूरों की संख्या की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश निगम अधिकारियों एवं संबंधित फर्मों के पदाधिकारियों को दिए।

जंगल में जुए की महफिल पर पुलिस की दबिश, 12 जुआरी किए गिरफ्तार

5.55 लाख नकद जब्त किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

बैरागढ़ फॉरेस्ट चौकी के पास जंगल में चल रहे जुए के अड्डे पर पुलिस ने दबिश देकर 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस की घेराबंदी देखकर कई जुआरी जंगल की ओर भाग निकले, जिनमें से 12 को पीछा कर पकड़ लिया गया। कुछ आरोपी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार 18 सितंबर की रात करीब 7:30 बजे सूचना मिली थी कि जंगल में करीब 25 से 30 लोग रुपये की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना बागली, उदयनगर, चौकी चापड़ा और कांटाफोड़ पुलिस की संयुक्त तीन टीमें गठित कर मौके पर भेजी गईं। टीमों ने जंगल की घेराबंदी कर कार्रवाई की।

पुलिस ने मौके से 5 लाख 55 हजार 100 रुपए नकद, 15 मोबाइल फोन, एक कार और पांच मोटरसाइकिल जब्त की हैं। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 12 लाख 86 हजार 200 रुपए बताई गई है। मामले में थाना कांटाफोड़ में धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

कार्रवाई एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन, एएसपी ग्रामीण सौम्या जैन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के नेतृत्व में की गई।

आज निकलेगा विशाल गणेश विसर्जन चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में गणेश उत्सव के समापन अवसर पर रविवार को गणेश विसर्जन चल समारोह निकाला जाएगा। चल समारोह में इस वर्ष करीब 15 से 20 झांकियां शामिल होंगी। इनमें 8 से 10 बड़ी एवं आकर्षक झांकियां समितियों द्वारा तैयार की गई हैं। इसके अलावा भगवान गणेश की प्रतिमाओं से सजी ट्रालियां और तीन बड़े अखाड़े भी चल समारोह का आकर्षण रहेंगे।चल समारोह को लेकर झांकियों को अंतिम रूप देने में कलाकार और समितियों के सदस्य जुटे हुए हैं। झांकियों को आकर्षक बनाने के लिए देर रात तक तैयारियां की जा रही हैं।

आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है।नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी ने बताया कि गणेश विसर्जन चल समारोह की परंपरा को इस वर्ष भी भव्य रूप दिया जा रहा है। नगर परिषद की ओर से झांकियों और अखाड़ों को पुरस्कृत किया जाएगा। रपट पर बनाए जाने वाले मंच से पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली झांकी को मुख्य अतिथि सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा द्वारा 21-21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं बड़े हनुमान चौक पर नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस की ओर से बनाए गए मंच से भी झांकियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजन में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, सीएमओ प्रमिला ठाकुर सहित पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों ने नगरवासियों से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

तेजाजी महाराज के जन्मोत्सव पर निकलेगा चल समारोह

देवास। नागेश्वर सेवा समिति इमली चौक, बावड़िया के तत्वावधान में सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज का जन्मोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। आयोजन के तहत 20 एवं 21 सितंबर को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति के नानू लोहाना ने बताया कि 20 सितंबर को रात 7.30 बजे से सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के जीवन चरित्र पर आधारित कथा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 21 सितंबर को दोपहर 3 बजे से बाबा के निशानों का विशाल चल समारोह निकाला जाएगा।

लेखन में उल्लेखनीय योगदान के लिए पवार को मिला 'मातृभाषा प्रेमचंद मुंशी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



हिंदी सप्ताह के अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब सभागार में आयोजित साहित्यिक समारोह में देवास के युवा लेखक एवं इतिहासविद अमित राव पवार को हिंदी लेखन एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'मातृभाषा प्रेमचंद मुंशी सम्मान' से सम्मानित किया गया।18 सितंबर शुक्रवार को आयोजित समारोह में शुभ संकल्प समूह इंदौर एवं मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के संयुक्त सहयोग से पवार को स्मृति-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। समारोह में वक्ताओं ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार,संरक्षण एवं संवर्धन तथा युवा पीढ़ी को हिंदी साहित्य से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। अमित राव पवार के साहित्यिक एवंऐतिहासिक लेखन की सराहना करते हुए उन्हें हिंदी के प्रति समर्पित युवा रचनाकार बताया गया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. सुनीता श्रीवास्तव एवं उपेंद्र श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। सम्मान प्राप्त होने पर साहित्यिक एवं सामाजिक क्षेत्र के पदाधिकारियों, साहित्यप्रेमियों तथा शुभचिंतकों ने अमित राव पवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

39वीं राज्य सब जूनियर सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन एवं मध्य प्रदेश सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के सहयोग से 39 वी राज्य सब जूनियर सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप बालक-बालिका का शुभारंभ 20 सितंबर को प्रातः10 बजे सतपुड़ा एकेडमी आवास नगर खेल मैदान पर किया जाएगा।

मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन,भोपाल, सागर, ग्वालियर, होशंगाबाद, टीकमगढ़, रतलाम, मंदसौर, नीमच, शाजापुर,विदिशा, धार, बड़वानी एवं देवास की टीम की स्वीकृति आ गई है। लगभग 350 बालक-बालिका भाग ले रहे हैं. इस आयोजन के आधार पर मध्य प्रदेश टीम का चयन किया जाएगा। होशंगाबाद, रतलाम की टीम देवास पहुंच चुकी है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रायसिंह सेंधव, भारतीय सॉफ्टबॉल फेडरेशन सचिव डॉ. प्रवीण अनावकर, विशेष अतिथि जिला खेल युवक कल्याण अधिकारी सेना गडारिया, रोटरी क्लब अध्यक्ष सुधीर पंडित, फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष अजय अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न होगा। खिलाड़ियों की भोजन व्यवस्था सतपुड़ा एकेडमी में एवं आवास व्यवस्था परिणाम वाटिका में रखी गई है। मैच प्रातः 8 बजे प्रारंभ होंगे। उक्त जानकारी सॉफ्टबॉल जिला सचिव राजीव श्रीवास्तव ने दी।

कलेक्टर और एसपी की उपस्थिति में आयोजित हुआ उद्योग संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत खातेगांव के ग्राम हरणगांव में उद्योगपतियों एवं स्व-सहायता समूह की लखपति दीदियों के साथ उद्योग-संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि इस संवाद के जरिए का हर प्रकार के उद्योगों को बढ़ाने में मदद करना है। उद्योगों के विस्तार और स्थानीय नागरिकों को स्व-रोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए उद्यमियों को आवश्यक सुविधाएं और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। उद्योग संवाद में क्षेत्र के विकास, नए निवेश को प्रोत्साहन देने और स्थानीय स्तर पर उद्योगों को आ रही व्यावहारिक समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।उद्योग संवाद के दौरान उद्यमियों ने उद्योग संचालन, बुनियादी ढाँचे और प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़ी समस्याओं, आवश्यकताओं तथा सुझावों को प्रमुखता से सामने रखा। कलेक्टर सिंह ने स्व-सहायता समूहों की महिला उद्यमियों से सीधे चर्चा की और उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सराहा।

प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का समापन 121 शिक्षकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षकों के लिए आयोजित चार दिवसीय FLN प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण में विकासखंड के 121 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता कर FLN की विभिन्न विषयवस्तुओं एवं प्रभावी शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में आनंदमय शिक्षण, मूल्य एवं नैतिकता, कौशल बोध, उमंग कार्यक्रम, कर्मयोगी तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में AI के उपयोग जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों को भी विस्तारपूर्वक समझाया गया। प्रशिक्षण का मार्गदर्शन बीआरसी बोहरा,आशीष सिसोदिया, प्रफुल्ल द्विवेदी एवं ब्लॉक सह-समन्वयक सुभाष मालवीय द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में हिंदी मास्टर ट्रेनर बी. योगेश तिवारी एवं कमल सिंह राजपूत, गणित मास्टर ट्रेनर विक्रम सिंह परमार एवं रमेश चंद्र सोलंकी तथा अंग्रेजी मास्टर ट्रेनर जगदीश परमार एवं नेहा श्रीवास्तव द्वारा विषयवार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रिया भानुपुरिया ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर प्रशिक्षण गतिविधियों का जायजा लिया।

सियाघाट में सड़क सुरक्षा कार्यों का एसपी ने किया निरीक्षण

घाट पर लगाए सीसीटीवी, रिफ्लेक्टर पोल व रेडियम साइनेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली जनहानि की रोकथाम के लिए देवास पुलिस द्वारा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एसपी पुनीत गेहलोद ने थाना कन्नौद क्षेत्र के सियाघाट पहुंचकर सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। सियाघाट के दुर्घटना संभावित स्थानों पर जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरे, रिफ्लेक्टर पोल, रेडियम साइनेज एवं जागरूकता बोर्ड लगाए जा रहे हैं। वहीं गहरी खाइयों के समीप सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों में मोरम-गिट्टी का भराव और अन्य सुधारात्मक कार्य भी किए जा रहे हैं। एसपी ने लगाए गए सुरक्षा संसाधनों का जायजा लेकर पुलिस टीम को दुर्घटना रोकथाम के प्रयास लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा कार्यों में सहयोग करने वाले गणमान्य नागरिकों का भी उत्साहवर्धन किया।इसी तरह कुसमानिया घाट पर भी जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरे, रिफ्लेक्टर पोल, रेडियम साइनेज एवं वाहन चालकों को सतर्क करने वाले फ्लेक्स बोर्ड लगाए जा रहे हैं। पुलिस का उद्देश्य घाट और तीखे मोड़ों पर वाहन चालकों को संभावित खतरे की जानकारी समय रहते उपलब्ध कराना है।पुलिस के अनुसार थाना कन्नौद क्षेत्र में गत वर्ष की समान अवधि में सड़क दुर्घटनाओं के 54 प्रकरण दर्ज हुए थे, जिनमें 21 लोगों की मृत्यु हुई थी। इस वर्ष समान अवधि में 13 दुर्घटना प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिनमें 7 लोगों की मृत्यु हुई है। पुलिस ने इसे सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम बताया है।

अभियान में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



सेवा संकल्प अभियान के तहत पांचू बाई बीरमा जाट शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोनकच्छ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर को विद्यालय में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं ने सहभागिता की। वहीं 19 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला, भाषण, नाटक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का चयन विकासखंड स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य चंद्रकांता बैस के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रमिला मेहता, कविता जोशी, रागिनी रैकवार, हेमलता सोलंकी, श्याम पाठक, विजय चौधरी, संतोष झाला, दिनेश चौधरी, सुमित तिवारी, ललिता एवं पुष्पा यादव सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

खबर संक्षेप

हरिशंकरी वृक्षारोपण बैठक की सूचना में देरी पर जताई नाराजगी



ललितपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा हरिशंकरी वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक की सूचना देर से दिए जाने का मामला सामने आया है। बैठक के संबंध में जारी पत्र का हवाला लेकर वार्ड नंबर 15 के पार्षद एड. मनमोहन चौबे ने नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई है। उनका आरोप है कि बैठक की सूचना निर्धारित समय से पहले उपलब्ध कराई जानी चाहिए थी, लेकिन पत्र 19 सितंबर को उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि बैठक भी उसी दिन आयोजित की गई है। नगर पालिका परिषद कार्यालय से जारी पत्रांक 1251/मु0 कार्या0/2026-27 के अनुसार 19 सितंबर 2026 को अपराह्न 4 बजे आईसीसीसी (पुरानी एलआई बिल्डिंग), ललितपुर में हरिशंकरी वृक्षारोपण के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर विधायक द्वारा की जानी है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की ओर से सभी पार्षदों एवं संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। पार्षद ने बैठक की सूचना दिए जाने के समय पर आपत्ति जताई है।

नाबालिग से छेड़खानी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। नाबालिग से छेड़ख़ानी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को थाना बार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि थाना बार में दर्ज अपराध से संबंधित वांछित अभियुक्त ग्राम मथुराडांग निवासी बृजमोहन पुत्र बलबीर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे संबंधित माननीय न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल नन्दलाल एवं कांस्टेबल रतन कुमार, थाना बार, जनपद ललितपुर शामिल रहे।

मालवाहक ट्रक को मारी टक्कर, सिर में चोट

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-44 के विरधा बाईपास के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से गलत दिशा में आ रहे ट्रक ने दिल्ली से चेन्नई जा रहे मालवाहक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मालवाहक ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसमें सवार क्लीनर मुस्तकीम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के एक पैर में फ्रैक्चर होने के साथ ही सिर में भी गंभीर चोटें आईं। मामले में कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरियाणा के पलवल जिले के हथीन थाना क्षेत्र के ग्राम बुराका निवासी साकिर खाँन पुत्र वाहिद खाँन अपने मालवाहक ट्रक संख्या आर.जे. 06 जी.ई. 0950 से दिल्ली से चेन्नई की ओर जा रहे थे। 10 अगस्त 2026 की रात करीब नौ बजे उनका ट्रक जब ललितपुर में विरधा बाईपास के पास एनएच-44 पर पहुंचा, तभी सामने से आ रहे ट्रक संख्या एच.आर. 61 ई 0331 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए गलत दिशा में आकर उनके ट्रक में टक्कर मार दी। बताया गया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि मालवाहक ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान ट्रक में मौजूद क्लीनर मुस्तकीम को गंभीर चोटें आईं। उसके एक पैर में फ्रैक्चर हो गया, जबकि सिर में भी गंभीर चोट लगने की बात रिपोर्ट में दर्ज की गई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जनशिकायतें

जमीनी व राजस्व विवादों को निपटाने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें करेंगी स्थलीय जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शासन की मंशानुसार शनिवार को जिले की तहसील तालबेहट में ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्लह्ल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी श्री बिमल कुमार दुबे और जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना और मौके पर ही कई जटिल शिकायतों का प्रभावी निस्तारण कराया। समाधान दिवस के दौरान मुख्य रूप से जमीनी विवादों, राजस्व वादों, विभिन्न कानूनी मामलों और कल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित शिकायतें भारी संख्या में प्राप्त हुईं। मण्डलायुक्त बिलम कुमार दुबे ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों को एक-एक कर देखा और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्षता के साथ समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। विशेष रूप से जमीनी और राजस्व विवादों के स्थायी समाधान के लिए मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने राजस्व



और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर शिकायतों की गहन जांच करने और पारदर्शिता के साथ त्वरित निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जमीनी विवादों और राजस्व से जुड़े मामलों में त्वरित विधिक कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी द्वारा निस्तारण में लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों को दूर करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व और कानूनी वादों का समयबद्ध निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का वास्तविक उद्देश्य तभी सफल होगा जब पीड़ित व्यक्ति को समय से न्याय मिले।

संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें

तहसील तालबेहट में कुल 81 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 81 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 79 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 71, पुलिस के 04, विद्युत के 02 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 33 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 15, विद्युत के 10 तथा पूर्ति के 08 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 29 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, पुलिस का 01, विद्युत के 03, विकास विभाग के 09 तथा अन्य विभागों के 08 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण कराया गया।मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह, क्षेत्राधिकारी तालबेहट, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य जनपदीय व तहसील स्तर के समस्त विभागीय अधिकारी, कानूनगो और लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

7 दिन में कार्रवाई नहीं तो आंदोलन

अमृत जल योजना के काम से वार्ड 4 के लोग परेशान, डीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 04 गांधी नगर-द्वितीय में अमृत जल योजना-2 के तहत चल रहे कार्यों को लेकर वार्डवासियों में नाराजगी सामने आई है। वार्ड की पार्षद पुष्पा-अरविंद राजा ने समस्त वार्डवासियों के साथ जिलाधिकारी एवं अमृत जल योजना-2 के संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर योजना के कार्यों में कथित अनियमितता, सड़कों की बदहाली और कार्य अधूरे छोड़े जाने की शिकायत की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वार्ड में अमृत जल योजना के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा पिछले करीब डेढ़ वर्ष से सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित विभाग से कार्यों की जांच कराकर मानकों के अनुरूप काम पूरा कराने की मांग की है। पार्षद की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड की कई सड़कों पर अभी तक पाइप लाइन नहीं डाली गई है और न ही खोदी गई सड़कों की समुचित मरम्मत कराई गई है। कुछ स्थानों पर पाइप लाइन डाले जाने के बावजूद संबंधित घरों में जल कनेक्शन नहीं दिए जाने की बात भी ज्ञापन में कही गई है। ज्ञापन के अनुसार, जिन स्थानों पर जल कनेक्शन दिए गए हैं, वहां कई जगह नल (टीटी) नहीं लगाए गए हैं। वहीं जिन सड़कों की मरम्मत कराई गई थी, वे भी कथित रूप से एक से डेढ़ माह के भीतर ही उखड़कर क्षतिग्रस्त हो गईं। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

पार्षद पुष्पा-अरविंद राजा और वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर निरीक्षण कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने तथा दोष पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से पार्षद ने चेतावनी दी है कि यदि शिकायत का शीघ्र निस्तारण नहीं किया गया और वार्ड में अमृत जल योजना के अधूरे एवं क्षतिग्रस्त कार्यों को दुरुस्त नहीं कराया गया तो सात दिन के बाद वार्डवासियों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

अपर पुलिस अधीक्षक ने किया तालबेहट थाने का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

एएसपी कालू सिंह ने शनिवार को थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों का जायजा लेते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, सीसीटीएनएस कक्ष, मेस सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय एवं मिशन शक्ति केंद्र से संबंधित विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टरों के उचित एवं व्यवस्थित रखरखाव के लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया। साथ ही मुकदमों से संबंधित लंबित माल का निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण कराने तथा उसका सही तरीके से रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान शस्त्रों



की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाने में उपलब्ध शस्त्रों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का नियमानुसार रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी स्तर पर लापरवाही न हो। एएसपी कालू सिंह ने थाना क्षेत्र में लंबित विवेचनाओं की भी समीक्षा करते हुए उन्हें गुण-दोष के आधार पर विधिक एवं निष्पक्ष तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपराध नियंत्रण के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने तथा थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अवैध शराब, मादक पदार्थों और पशु तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियानात्मक कार्रवाई करने को कहा। अपर पुलिस अधीक्षक के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों और पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण का उद्देश्य थाना स्तर पर पुलिस कार्यों को व्यवस्थित, प्रभावी और जवाबदेह बनाए रखना रहा।

आरपीएफ की कार्रवाई के बाद देवगढ़ तिराहे पर लगा लंबा जाम

रेलवे स्टेशन परिसर से वाहन हटाए, टैक्सी चालकों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

रेलवे स्टेशन परिसर में शनिवार को आरपीएफ की कार्रवाई के बाद उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, जब स्टेशन परिसर में खड़े बसों, कारों और टैक्सियों को बाहर कर दिया गया। अचानक बड़ी संख्या में वाहनों के बाहर निकलने से स्टेशन तिराहे पर यातायात का दबाव बढ़ गया और कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। वाहनों की कतार रेलवे स्टेशन से लेकर ललित पैलेस तक पहुंच गई। कार्रवाई से टैक्सी चालकों में भी रोष देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के आसपास बसों और अन्य वाहनों के खड़े रहने से यात्रियों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। यात्रियों की ओर से इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक से शिकायत की गई थी।

शिकायत के बाद शनिवार सुबह आरपीएफ /जीआरपी थानाध्यक्ष अर्जुन आर. विडासर के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई। आरपीएफ थानाध्यक्ष अर्जुन आर. विडासर के अनुसार स्टेशन के बाहर नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों को हटाया



गया है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई का उद्देश्य रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ बसें बिना अनुमति के रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी थीं, जिसके चलते उन्हें परिसर से बाहर किया गया। स्टेशन परिसर से वाहनों को बाहर किए जाने के बाद बड़ी संख्या में वाहन एक साथ सड़क पर आ गए। इससे स्टेशन तिराहे और देवगढ़ तिराहे की ओर यातायात का दबाव बढ़ गया। कुछ समय के लिए स्थिति ऐसी बनी कि वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों व राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनों की कतार रेलवे स्टेशन से लेकर ललित पैलेस तक पहुंचने की बात सामने आई।

कार्रवाई के बाद टैक्सी चालकों में नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लाने-ले जाने के लिए उन्हें वाहनों के साथ स्टेशन के आसपास रहना पड़ता है। यदि वाहनों को खड़ा करने की कोई निर्धारित व्यवस्था नहीं होगी तो यात्रियों को लेने और छोड़ने में परेशानी होगी। टैक्सी चालकों ने मांग की कि रेलवे प्रशासन और संबंधित विभाग आपसी समन्वय से रेलवे स्टेशन के बाहर या आसपास टैक्सी वाहनों के लिए एक निर्धारित और स्थायी टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था करें। इससे एक ओर यात्रियों को सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े होने और जाम की समस्या से भी राहत मिल सकती है। फिलहाल रेलवे स्टेशन परिसर में वाहनों की पार्किंग और टैक्सी संचालन को लेकर कार्रवाई के बाद व्यवस्था को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब यात्रियों और टैक्सी चालकों की नजर इस बात पर है कि रेलवे प्रशासन की ओर से वाहनों के लिए कोई वैकल्पिक और व्यवस्थित स्थान निर्धारित किया जाता है या नहीं।

दिगम्बर जैन अटा मंदिर में पर्युषण पर दिखा रहे बच्चे अपनी प्रतिभा

जीवन में मन की पवित्रता कल्याणकारी: मुनि विशद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दिगम्बर जैन अटा मंदिर में पर्युषण पर्व पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि विशद सागर महाराज ने कहा लोभ कषाय के अभाव में प्रकट होने वाली जीवन की पवित्रता शुचिता है। यह पवित्रता संतोष धारण करने पर आती है व्यक्ति को जैसे जैसे लाभ होता है वैसे वैसे लोभ बढता जाता है और यही लोभ इच्छा और इच्छा से तृष्णा में बदल जाता है जिसकी पूर्ति हो पाना संभव नहीं होता। मुनि श्री ने कहा हमें मन की शुद्धि पर ध्यान देना है क्योकि तन की पवित्रता तो वाहर की पवित्रता रहती है सच्ची पवित्रता तो मन की होती है जो कल्याणकारी रहती है। धर्म सभा के प्रारम्भ में मंगलाचरण कविता जैन गौना द्वारा



किया गया जवकि तत्वार्थसूत्र का वाचन मुनिसंघ के सानिध्य में गीतांशी जैन, पार्थवी जैन,सौम्या जैन द्वारा किया गया जिसमें अर्घ समर्पण का पुर्ष्याजन कपूरचंद सचिन जैन लागौन पूर्व प्रबंधक ने किया। धर्मसभा का संचालन मंदिर प्रबंधक मनोज जैन बबीना द्वारा किया गया जिसमें प्रमुख रूप से जैन पंचायत अध्यक्ष डा अक्षय टडैया, आकाश जैन, अनिल जैन अंचल, शीलचंद अनौरा, सतीश नजा, अनीता मोदी आदि मौजूद रहे। मध्यान्ह में तत्वार्थ सूत्र को मुनि श्री ने आवकों को अपने चिन्तन द्वारा समझाया।

नगर के जैन अतिशय क्षेत्र अभिनंदनौदय तीर्थ, आदिनाथ जैन बडा मंदिर,नया मन्दिर, बाहुबलि नगर, जैन मंदिरनईवस्ती, आदिनाथ मंदिर चन्द्रप्रभु मंदिर डोढाघाट, शान्तिनगर नगर, पार्श्वनाथ समोवश्रण मंदिर, पार्श्वनाथ कालौनी, ज्ञानोदय तीर्थ, एम्बोशिया जैन मंदिर में प्रातःकाल पहुंचकर पूजन अभिषेक शान्तिधारा में सम्मलित होकर पुर्याजन कर रहे हैं। मुनि श्री शिवसागर महाराज के मुखारविन्द से शान्तिधारा हुई इस दौरान उन्होने कहा संतोष रूपी जल से अपनी आत्मा को पवित्र कर पावन करने में ही सच्चा सुख है यह शुचिता का पावन पर्व जीवन में आत्मिक शान्ति का बोध कराता है।

जांच व अनियमितता मिलने पर एफआईआर कराने की मांग

गोदाम में बोरियों से खाद्य सामग्री निकालने का वीडियो वायरल, सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। तालबेहट तहसील क्षेत्र के थाना बार अंतर्गत बिधा महावत के पास स्थित मुख्य गोदाम में खाद्य सामग्री एवं अनाज की बोरियों से कथित रूप से सामग्री निकाले जाने और भारी अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल उपाध्यक्ष झांसी कीरत बाबा, निवासी बार ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गोदाम में रखी बोरियों से खाद्य सामग्री अथवा अनाज निकाले जाने की जानकारी सामने आई है। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने का भी दावा किया है।

आरोपों की वास्तविकता की जांच के लिए गोदाम का भौतिक सत्यापन कराने तथा उपलब्ध अभिलेखों और मौके पर



मौजूद स्टॉक का मिलान कराने की मांग की गई है। कीरत बाबा के अनुसार, गोदाम में रखी बोरियों से खाद्य सामग्री निकाले जाने की स्थिति वीडियो में दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि यदि निर्धारित मात्रा में सामग्री गोदाम में रखी गई थी और बाद में बोरियों से सामग्री निकाली गई है तो इससे स्टॉक में कमी और संभावित हेराफेरी की स्थिति की जांच आवश्यक हो जाती है। हालांकि, ज्ञापन में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है और मामले की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। भाकियू नेता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गोदाम में उपलब्ध खाद्य सामग्री की वास्तविक मात्रा का भौतिक सत्यापन कराया जाए। इसके साथ ही स्टॉक रजिस्टर, आवक-निर्गत अभिलेख, गोदाम में रखी बोरियों की संख्या तथा संबंधित दस्तावेजों का मौके पर उपलब्ध सामग्री से मिलान कराने की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि अभिलेखों और वास्तविक स्टॉक का मिलान होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि गोदाम में किसी प्रकार की कमी अथवा अनियमितता हुई है या नहीं। ज्ञापन में उपलब्ध बताए जा रहे वीडियो की भी जांच कराने की मांग की गई है। साइबर सेल के माध्यम से वीडियो की तकनीकी जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है।

राधा अष्टमी पर मंदिरों में लगे जयकारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर गांधी नगर नई बस्ती स्थित 1008 श्री राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर राधा-कृष्ण के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। राधा अष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। धार्मिक वातावरण के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन का आयोजन किया गया। हवन कुंड में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान श्री राधा-कृष्ण से परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की प्रार्थना की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर राधा-कृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा। आयोजन में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भी राधा अष्टमी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान राधा-कृष्ण की पूजा की और मंदिर में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विशेष रूप से प्रसाद की व्यवस्था की गई। पूजा-अर्चना और हवन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजकों की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

आयोजन के दौरान केक काटकर भी राधा अष्टमी का उत्सव मनाया गया। केक काटने के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने राधा रानी के जयकारे लगाए और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। बच्चों में केक को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। धार्मिक आयोजन के साथ इस तरह उत्सव मनाए जाने से कार्यक्रम में उल्लास का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने कहा कि राधा रानी भक्ति, प्रेम और समर्पण की प्रतीक हैं। राधा अष्टमी का पर्व भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन राधा रानी की पूजा-अर्चना करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। इसी भावना के साथ समाज के लोगों ने एकजुट होकर पर्व मनाया। मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया।

महामंडलेश्वर महंत के सानिध्य में हुए अनुष्ठान

राधा अष्टमी पर हनुमानधारा मंदिर में गूंजा सुंदरकांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के पावन अवसर पर श्रीहनुमानधारा मंदिर एवं वेद विद्या संस्कृत गुरुकुलम, हनुमानधारा में राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। महामंडलेश्वर महंत राधामोहन दास महाराज के सानिध्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में महंतश्री गोपीदास जी के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए।

धार्मिक कार्यक्रम के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। बीटीसी कॉलेज के सामने गोकुल घाट, पिसनारी स्थित श्री हनुमानधारा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की और पुण्य लाभ अर्जित किया। राधा अष्टमी के अवसर पर आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ के



दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने एक साथ सुंदरकांड का पाठ किया। इस दौरान जय श्रीराम और राधे-राधे के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा। सुंदरकांड पाठ के उपरांत विधि-विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति देकर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महंत श्री गोपीदास जी ने राधा अष्टमी के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राधा रानी की भक्ति प्रेम, समर्पण और श्रद्धा का संदेश देती है। धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के साथ ही आपसी प्रेम, भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म, संस्कार और धार्मिक परंपराओं से जुड़े रहने तथा इन्हें आगे बढ़ाने का आह्वान किया। धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण की व्यवस्था में आयोजन से जुड़े लोगों और श्रद्धालुओं ने सेवाभाव से सहयोग किया। बड़ी संख्या में लोगों ने भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। राधा अष्टमी के इस धार्मिक आयोजन के दौरान पूरे दिन हनुमानधारा मंदिर परिसर में आध्यात्मिक एवं भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजन ने जहां श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था से जोड़ा, वहीं सेवा, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं सेवाभाव से जुटे लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बजट, राजस्व वसूली, जलप्रदाय सहित निर्माण कार्यों की समीक्षा की

कलेक्टर ने खंगाली माचलपुर नगर परिषद की फाइलें, लेखाकार को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

खबर का असर

कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने नगर परिषद माचलपुर का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा स्वयं लेखा शाखा पहुंचे और लेखा संबंधी कार्यों की जांच की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने लेखाकार श्री राम नागर की आईडी से लॉगिन कर खातों एवं किए गए भुगतानों की जानकारी का परीक्षण करते हुए फाईलें खंगाी।

इस दौरान जिलाधीश ने समस्त बजट मदों की समीक्षा करते हुए प्रत्येक मद में स्वीकृत राशि, अब तक किए गए व्यय तथा शेष राशि की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक मद में राशि का उपयोग किन कार्यों पर किया गया है तथा संबंधित व्यय के विरुद्ध आवश्यक अभिलेख एवं भुगतान प्रक्रिया पूर्ण है या नहीं, इसकी भी जानकारी ली। इस दौरान परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माचलपुर श्री देवेंद्र वत्स उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सहायक ग्रेड-1 श्री राम नागर कार्यालय में उपस्थित नहीं पाए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा उन्हें तत्काल उपस्थित होने के लिए बुलाया गया। इस दौरान कैशबुक को अलमारी में लॉक रखा पाया गया। शासकीय अभिलेखों एवं कैशबुक के संधारण में लापरवाही तथा बिना सूचना अनुपस्थित रहने को कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गंभीर अनुशासनहीनता माना और श्रीनागर को मौके पर ही सस्पेंड कर दिया गया।



कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करने दिए निर्देश

इस दौरान दुकान निर्माण, अमृत 2.0 के अंतर्गत संचालित कार्य, डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन तथा उच्च स्तरीय जलाशय (ओएचटी) टैंक से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समयसीमा के संबंध में आवश्यक जानकारी लेते हुए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

जलप्रदाय व्यवस्था की भी विस्तार से हुई समीक्षा

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जलप्रदाय शाखा की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी से जलप्रदाय व्यवस्था में होने वाले कुल व्यय तथा जलकर से होने वाली वसूली की जानकारी मांगी। व्यय एवं वसूली के संबंध में अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जलप्रदाय शाखा के प्रभारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही 17 दुकानों की नीलामी की ऑनलाइन प्रक्रिया की भी जांच की गई। जिन 4-5 दुकानदारों द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सीएमओ पर जताई नाराजग

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी माचलपुर पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्वच्छता कार्य में लगी दो वाहनों की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि दोनों वाहनों की जीपीएस लोकेशन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

गड्ढे भरे नहीं, स्पीड ब्रेकर पर लाखों का खेल? निरीक्षण में खुली नगर परिषद की पोल

नगर परिषद माचलपुर की कार्यप्रणाली की शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निरीक्षण में परतें खुलीं। लेखा शाखा में भुगतान और अभिलेखों की जांच के साथ नगर परिषद द्वारा खरीदे गए स्पीड ब्रेकर भी कलेक्टर के निशाने पर रहे। उन्होंने इंजीनियर श्री गोविंद से प्रत्येक ब्रेकर की लागत, कुल खरीद और प्रक्रिया का पूरा विवरण मांगा।नगर में सड़क की स्थिति और गड्ढों के बीच स्पीड ब्रेकर की खरीद को लेकर अब सवाल खड़े हो गए हैं। परिषद को बताना होगा कि कितने ब्रेकर खरीदे गए, किस दर पर खरीदे गए और कहां-कहां लगाए गए।

सेक्टर स्तरीय 9वां राष्ट्रीय पोषण माह...

हितग्राहियों को पौष्टिक आहार हरी सब्जियां लेने की सलाह दी



मन्दसौर। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस पोषण माह अन्तर्गत आंगनवाड़ी वार्ड क्र. 23 में सेक्टर स्तरीय 9 वाँ राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रेखा सोनी, प्रभारी सीडीपीओ श्वेता जैन, सेक्टर सुपरवाइजर मैडम हेमलता साँवरिया, सभी सुपरवाइजर मैडम शकुन्तला डामोर, गायत्री खींची, हेमलता सोनी उपस्थित थे। वार्ड पार्षद द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को पौष्टिक आहार जैसे - चना, गुड़, मूंगफली, हरी सब्जियाँ इत्यादि लेने की सलाह दी। प्रभारी सीडीपीओ मैडम द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय पोषण माह क्यो मना रहे और इसे माह तक सीमित न करते हुए निरंतर में पौष्टिक आहार बच्चों को देना चाहिए, बाजार की खाद्य सामग्री को नहीं खिलाना चाहिए। हमारे घरों में बड़े बुजुर्गों से सलाह लेकर घर के ही अनाज से घर बनाकर बच्चों को खिलाना चाहिए ताकि हम प्रधानमंत्री के संकल्प को पुरा करने में अपनी भागीदारी निभा सके। उपस्थित हितग्राही और कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न पौष्टिक आहार बनाकर सुपोषण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमलता साँवरिया ने किया। आयोजन में वार्ड 23 की कार्यकर्ता मालती गहलोद, शानू बैरागी, रेखा चन्देल, रजनी गहलोद एवं चतुर्थ सेक्टर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रेखा राठौर, सरिता सेन, किरण वर्मा, जुली वर्मा, उर्मिला सोनी, किरण सोनी, बबीता गौड़, ललिता राठौर, लीला सोलंकी, आशा मौर्य, लीला राठौर, निशा शर्मा,चाँदबी, शाहेदा, यास्मिन, आशा सोनी, आबेदा, उर्मिला खटोड़, सुरेखा सोनी उपस्थित थी। !

3 अक्टूबर को बंसल जाएंगे दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर हरिद्वार

मंदसौर। पितृपक्ष में 33 साल की परंपरा को निभाते हुए समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल जरूरतमंद निराश्रित दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर 3 अक्टूबर 2026 शनिवार को गंगाजी में विसर्जन के लिए हरिद्वार जाएंगे। इस बार 18 पुरुषों के और 6 महिलाओं के और 11 बंदरों के अस्थि कलश लेकर जाएंगे यह सेवा प्रकल्प उन्होंने 33 साल पहले लिया था जो निरंतर 34वें साल भी चल रहा है। उल्लेखनीय है कि बंसल अब तक हजारों दिवंगतों का अंतिम संस्कार भी कर चुके हैं। कोरोना काल में भी 1100 से भी अधिक लोगों का अंतिम संस्कार किया। साथ ही अनेक गरीब परिवारों को अन्तिम क्रिया कर्म की सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई। हरिद्वार नहीं जा पा रहे परिवार अपने परिजन के मोक्ष के लिए अस्थि विसर्जन करना हो तो सुनील बंसल से संपर्क कर उनके निवास स्थान गणपति चौक जनकुपुरा मंदसौर पर 3 अक्टूबर सुबह 11 बजे तक उपलब्ध कराए जा सकते हैं। अस्थि कलश का पूजन कर चित्तौड़ से बंसल हरिद्वार मां गंगा जाएंगे वहां उनके पारिवारिक पंडित प्रदीप झा सनातनी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उनका पिंडदान कर अस्थि विसर्जन करेंगे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 3100 दीपों से जगमगाया कुरावर



हरिभूमि न्यूज. कुरावर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार शाम कृषि उपज मंडी परिसर स्थित श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर में नगर परिषद, राजस्व विभाग एवं कृषि उपज मंडी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'आशीर्वाद का दिया' एवं 'जनसंकल्प अभियान' आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 3100 दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। दीप प्रज्वलन की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने की।

जनसेवा को बनाया जीवन का संकल्प

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जनसेवा की शुरुआत की और वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब वर्ग के उत्थान के साथ किसान, छात्र, व्यापारी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है।मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार सुनीता कुमारी, सीएमओ समंदरसिंह चैहान, मंडी सचिव ओमप्रकाश त्यागी, थाना प्रभारी जितेंद्र मवई, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, मनोहर मंडलोई, घनश्याम गर्ग, मोती सिंह बिलहरी, कैलाश मंडलोई वकील, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री लखन राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष हिरदेश चंद्रवंशी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह राणावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नागरिक उपस्थित रहे।



छापी घाट पर प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया

जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा छापीबांध पर एक दीया आशीर्वाद का जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर की मोजूदगी में बांध के घाट किनारे सामुहिक आरती करके गंगा मैया से आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर ने देश के विकास को गिनाया तथा कहा कि अभी तक के प्रधानमंत्री में नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री नहीं हुआ उन्होंने चहुंमुखी विकास किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने आभार प्रकट किया। संचालन नपाकर्मचारी कमल भावसार ने माना। पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, ईश्वर सिंह तोमर , मुकेश पुष्पद, रमेशचंद्र शर्मा,शिव मंडलोई, डा राम किरार ,विष्णु पवार , सीएमओ देवनारायण दांगी, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे।

दर्शनार्थियों की मौत का मामला: सर्वसमाज ने सौंपा ज्ञापन, व्यवस्था में सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात्रि में मंदिर आए दर्शनार्थियों की एक कार बह जाने तथा उसमें आठ लोगों की मौत होने की घटना के बाद इसको लेकर संबंधित दोषियों की जवाबदेही तय नहीं किए जाने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए योजना बनाकर मंदिर व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग को लेकर सर्व समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी देवकंवर सोलंकी को सौंपा गया।

शनिवार को सर्व समाज द्वारा सौंपे गए इस ज्ञापन में मंदिर की व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग करते हुए बताया गया कि 19 सितंबर को हुई घटना प्रशासन की लापरवाही से हुई है। घटना की जवाबदेही तय कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाए। मंदिर के पट बंद होने के साथ ही मंदिर तथा मंदिर के बाहर हवन अनुष्ठान के कार्य बंद किए जावें। मंदिर मार्ग पर स्थित नाले की पुलिया की ऊंचाई तत्काल बढ़ाई जावे। पार्किंग स्थल पर समुचित प्रकाश व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरे सहित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। मंदिर परिसर क्षेत्र में तत्काल पुलिस चौकी की स्थापना की जावे। मंदिर परिसर में शुद्ध पेयजल, स्वच्छता तथा सुविधा घर की व्यवस्था की जाए।

मंदिर प्रबंधन हेतु एक ट्रस्ट का गठन किया जाए जिसमें अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति भी की जावे। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। हादसे में मृत आत्माओं को मंदिर परिसर में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि प्रदान की।



सांदीपनि स्कूल में जले 2000 आशीर्वाद के दीये

जीरापुर। नगर के समीपस्थ ग्राम खुमानपुरा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'सेवा संकल्प' अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम ज्योति राजोरे की मौजूदगी में विद्यालय परिसर में 2000 दीये जलाए गए।इस दौरान विधायक दांगी ने सेवा, राष्ट्रहित और विकसित भारत के संकल्प में सहभागिता की अपील की। एसडीएम ज्योति राजोरे ने विद्यार्थियों से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में भगवान गणेश की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। प्राचार्य कैलाश शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा,विष्णु पवांर, ईश्नवर सिंह तोमर,कुशाल मण्डलोई अजय गुप्ता, बीईओ रामबाबू पाटीदार, गजेन्द्र शर्मा जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय स्टाफ एवं में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बेटियों को बेहतर शिक्षा, सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता: पंवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर के मध्य स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1 करोड़ 29 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले 6 अतिरिक्त कक्षों एवं अन्य निर्माण कार्यों का भूमिपूजन शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान एवं मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने विद्यालय की छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में मनाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान का मूल भाव जनसेवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण से जुड़ा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और विकास के कार्यों के माध्यम से इस संकल्प को धरातल पर साकार करने का प्रयास किया जा रहा है।

किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ ही निःशुल्क साइकिल वितरण, निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक जैसी विद्यार्थी हितैषी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को सुगम बनाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि आर्थिक परिस्थितियां किसी भी बेटी की शिक्षा में बाधा न बनें। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि छात्राओं के अध्ययन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह विद्यालय हमारे क्षेत्र के महत्वपूर्ण विद्यालयों में से एक है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आपसी समन्वय और निरंतर मेहनत के साथ विद्यालय को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की ओर ले जाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि केवल भवन और सुविधाएं ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि उनका उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश की प्रत्येक बेटी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।



जाति प्रमाण पत्र की लड़ाई में समाज के साथ हूं: सिंह

सारंगपुर। कपिलेश्वर धाम परिसर में शुक्रवार को पाल समाज के नवीन छात्रावास निर्माण का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने जाति प्रमाण पत्र के मुद्दे पर समाज के साथ मजबूती से खड़े रहने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया और सुसनेर विधायक भेरू सिंह परिहार सहित कांग्रेस नेता व बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। इस दौरान जयवर्धन सिंह ने कहा कि पाल समाज के जाति प्रमाण पत्र बनने में आ रही दिक्कतों का समाधान कराने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर साथ खड़े हैं। सिंह ने डूब प्रभावितों के मुआवजे और युवाओं के रोजगार को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों के डूब प्रभावितों को मुआवजे में अंतर किया जा रहा है। वहीं सरकारी भर्तियां नहीं होने और आउटसोर्स के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने का मुद्दा भी उठाया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र राजपूत तथा आभार मोहनसिंह पाल ने माना। कार्यक्रम में पाल समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पेश की चादर



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर मुख्यालय पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में सेवा संकल्प अभियान के तहत जहां विभिन्न शासकीय दफ्तरों में दीपकों से रोशनी की गई वहीं स्थानीय हजरत बाबा बदख्यानी की दरगाह पर अकीदत व एहतराम के साथ चादर पेश की गई। यह चादर दरगाह के पूर्व सदर मोहम्मद शफीक गामा के नेतृत्व में अन्य सदस्यों द्वारा चढ़ाई गई है। चादर पोशी के दौरान मुल्क के प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं देश में अमन, चैन की दुआ मांगते हुए भाईचारे और मुल्क की तरक्की की कामना की दुआ-ए-खैर मानी गई है। इस अवसर पर पूर्व सदर श्री गामा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नई-नई ऊंचाईयों को छू रहा है। इस मौके पर दरगाह के खादिम एवं अकीदतमंद मौजूदरहे। कार्यक्रम के समापन उपरान्त सभी को तबर्रुक बांटा गया।

विकसित और साधन-संपन्न राष्ट्र बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गांधीसागर

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गांधीसागर में शनिवार 19 सितंबर को मेरा संकल्प विकसित भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच मनीष परिहार उपस्थित रहे। वहीं उपसरपंच पंकज प्रजापति, पूरन माटा, बालाराम गायरी, कोमल चंद नामदेव, धर्मा गुर्जर एवं दिनेश शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यार्थियों द्वारा ह्यमेरे सपनों का भारत कैसा होगा स्वच्छ जल एवं स्वच्छता अभियानहजैसे विषयों पर आकर्षक चित्रकला तैयार की गई। इस



अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भाषण के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित और साधन-संपन्न राष्ट्र बनाने में प्रत्येक नागरिक एवं युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम का संचालन रेखा सरकार द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य मुकेश वशिष्ठ ने सभी अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

1 स्वर्ण एवं 18 कांस्य पदक जीतकर खिलाड़ियों ने मंदसौर का नाम रोशन किया

राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 19 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 16 से 18 सितंबर तक आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिले से 750 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। मंदसौर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 19 पदक अपने नाम किए। टीम के कोच धवल कुमावत एवं रेफरी मैनेजर यशवंत कलमोदिया रितिक मुवारा की भूमिका में रहे जिले के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण एवं 18 कांस्य पदक जीतकर मंदसौर का गौरव बढ़ाया।

ये रहे पदक विजेता खिलाड़ी- प्रशस्ति सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं प्रथम ग्वाला, कुणाल पाटीदार, लोकेंद्र सिंह तंवर, दक्ष चौहान, मोहम्मद तोफिक मंसूरी, अरमान रामटेके, मोहम्मद जिशान मंसूरी, शिवांश धाकड़, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, दिव्यांश चौहान, जागृति माली, त्रिशा डबकरा, विनायक काला, सौम्या गुप्ता, तुषार जैन, वेदांश पाटीदार एवं मुनमुन चंद्रावत सहित खिलाड़ियों ने कांस्य पदक अर्जित किए।